प्रेस नोट दिनांक 24-03-2026 थाना एका जनपद फिरोजाबाद।

थाना एका पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16-03-2026 को नहर से बरामद शव की शिनाख्त कर हत्यारे अभियुक्त योगेश उर्फ कन्हैया को आलाकत्ल सहित किया गया गिरफ्तार।

➢ अभियुक्त योगेश द्वारा अंगोछे से अरविन्द का गला घोटकर की गयी थी हत्या..........

दिनांक 22-03-2026 को वादी द्वारा थाना एका पर लिखित तहरीरी सूचना के आधार पर नामजद अभियुक्त योगेश उर्फ कन्हैया के विरुद्ध अरविन्द पुत्र स्व0 श्री किशन निवासी ग्राम हथोली जयसिंहपुर थाना एका की हत्या के सम्बन्ध अभियोग मु0अ0सं0 49/2026 धारा 103(1), 238 बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना एका पर उपरोक्त अभियोग में नामजद / वांछित अभियुक्त योगेश उर्फ कन्हैया को गिरफ्तार कर। कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (एक अंगौछा) की बरामदगी की गई है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का कारण / पूछताछ विवरण....

दिनांक 17-03-2026 की शाम को जेड़ा झाल नहर से एक शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी सूचना पर थाना एका पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को नहर से निकाला गया। जिसकी शिनाख्त परिजनों द्वारा अरविन्द पुत्र स्व0 श्री किशन निवासी ग्राम हथोली जयसिंहपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद की गयी थी।

अभियुक्त योगेश उर्फ कन्हैया उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि वह एक ट्रक ड्राइवर है जोकि हरियाणा की ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चलाता है। होली पर वह अपने गांव आया हुआ था जानकारी पर पता चला कि अभियुक्त योगेश की बहन व पत्नी के अवैध संबंध गांव के ही अरविन्द(मृतक) व उसके भाई के साथ है। इसी बात से क्षुब्ध होकर अभियुक्त योगेश ने प्लानिंग के तहत अरविन्द को दिनांक 16-03-2026 को अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठाकर जेडा नहर के पास ले गया तथा वहीं कीकड के पेड़ के पास बैठकर मृतक अरविन्द व कन्हैया दोनों ने बीयर पी थी। इसी दौरान मृतक अरविन्द ने योगेश की बहन को लेकर कुछ अपशब्द कहे जिससे अभियुक्त योगेश को गुस्सा आ गया। गिस्से में आकर योगेश ने अरविन्द के गले में पडे अंगोछे से मृतक अरविन्द का गला घोटकर उसकी हत्या कर शव को नहर में फेककर अंगोछा कीकड़ के पेड़ के पास ही फेंक दिया था।

नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्त -

1. योगेश उर्फ कन्हैया पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम हथोली जयसिंहपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक-

1. स्थान- धारू पुल के पास थाना क्षेत्र एका फिरोजाबाद।
2. दिनांक 23-03-2026।

बरामदगीः—

अभियुक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल (एक अंगोछा) जेड़ा झाल के पास बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक संजुल पाण्डेय थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 कृष्णपाल सिंह थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
4. हे0का0 मानपाल थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0का0 विक्रम थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 मनीष तोमर थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 रघुराज सिंह सर्विलांस जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 धर्मेन्द्र थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 गौरव थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 अमन छोंकर थाना एका जनपद फिरोजाबाद।